"The land use of an areas measuring 700 hect. (1729 Areas) located in the west of Rohini Scheme, across the existing Nangloi drain and bounded by revenue, estates of village Prahladpur Bangar in the North, revenue estate of villages Pansali, Begampur and Mohammadpur Mazra in the West revenue estates of village Nithari in the South West existing village abadi Poothkalan in the South and existing Nangloi drain in the North-East is changed from 'Rural Use' to :—

(a) Residential	395 hects.
(b) Commercial	—35 hects.
(c) Public & Semi Public Facilities	—63 hects.
(d) Recreational	—105 hects.
(e) Circulation	—102 hects.

[No. K-13011/19/90-DDIB]]

ARJAN DEV, Under Secy.

सूचना और प्रसारण मंत्रालय

नई दिल्ली, 24 अप्रैल, 1991

का. आ. 1457 .—चलचित्र अधिनियम 1952 (37 का 1952) की धारा 5 की उपधारा (1) तथा चलचित्र (प्रमाणन) के नियम 1983 के नियम 7 और 8 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार, केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड के त्रिवेंद्रम सलाहकार पैनल में श्रीमती डी. सांता कुमारी की सदस्यता तत्काल प्रभाव से समाप्त करती है।

[फाइल सं. 814/10/90-एफ. (सी)]

MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING

New Delhi, the 24th April, 1991

S.O. 1457.—In exercise of the powers conferred by sub-Section (1) of section 5 of the Cinematograph Act, 1952 (37 of 1952), and rules 7 and 8 of the Cinematograph (Certification) Rules 1983, the Central Government directs that Smt. D. Santha Kumari will cease to be member of the Trivandrum Advisory Panel of the Central Board of Film certification with immediate effect.

[File No. 814|10|90-F(C)]

नई दिल्ली, 2 मई, 1991

का. आ. 1458 —चलचित्र अधिनियम, 1952 (1952 का 37) की धारा 5 की उपधारा (1) के साथ पठित चलचित्र (प्रमाणन) नियम, 1983 के नियम 7 और 8 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए,

केन्द्रीय सरकार यह निदेश देती है कि श्रीमती नंदिनी कृष्णन और श्रीमती भामाराय कृष्णन तत्काल प्रभाव से केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड के तिरुवंतपुरम सलाहकार पैनल के सदस्य नहीं रहेंगी ।

[फाइल सं. 814/10/90-एफ. (सी.)]

एम. एम. सेठी, डेस्क अधिकारी

New Delhi, the 2nd May, 1991

S.O. 1458.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of Section 5 of the Cinematograph Act, 1952 (37 of 1952), read with rule 7 and 8 of the Cinematograph (Certification) Rules, 1983, the Central Government directs that Smt. Nandini Krishan and Smt. Bhanja Ramakrishnan shall cease to be members of the Thiruvananthapuram advisory Panel of the Central Board of Film Certification with immediate effect.

[File No. 814/10/90-F(c)]

M. S. SETHI, Desk Officer

शुद्धि-पत्र

नई दिल्ली, 29 अप्रैल, 1991

का. आ. 1459.—केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड के पुनर्गठन के बारे में इस मंत्रालय की दि. दिनांक 19-2-1991 की अधिसूचना संख्या 809/1/91-एफ (सी.) में "3. श्री राकेश सिन्हा" को "3. श्री आर. के सिन्हा" पढ़ा जाये।

[फा. सं. 809/1/91-एफ (सी)]

एस लक्ष्मी नारायणन, संयुक्त सचिव

CORRIGENDUM

New Delhi, the 29th April, 1991

S.O. 1459.—In this Ministry's Notification No. 809/1/91-F(C) dated 19-2-91 regarding reconstitution of the Central Board of Film Certification for "3. Shri Rakesh Sinha"" read "3. Shri R. K. Sinha".

[File No. 809/1/91-F(c)]

S. LAKSHMI NARAYANAN, Joint Secy.

पर्यटन मंत्रालय

नई दिल्ली, 30 अप्रैल, 1991

का. आ. 1460.—केन्द्रीय सरकार, सरकारी स्थान (अप्राधिकृत अधिभोगियों की बेदखली) अधिनियम, 1971 (1971 का 40) की धारा 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, भारत सरकार के, पर्यटन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का. आ. 3758 तारीख 30 सितम्बर 1982 में निम्नलिखित संशोधन करती है,

अर्थात्:—

उक्त अधिसूचना की सारणी और उससे संबंधित प्रविष्टियों के स्थान पर निम्नलिखित सारणी और प्रविष्टियां रखी जाएंगी,

अर्थात्:—

सारणी

अधिकारी का पदनाम	सरकारी स्थान के प्रवर्ग और अधिकारिता की स्थानीय सीमाएं
1	2
"प्रबंधक (कार्मिक), भारतीय पर्यटन विकास निगम लिमिटेड, अशोक रेडिसन होटल, हाई ग्राउंड्स, कुमारा कृपा, बंगलौर।	कर्नाटक राज्य में स्थित भारतीय पर्यटन विकास लिमिटेड के या उस के द्वारा पट्टे पर लिए गए सभी स्थान"।

[सं. 6/21/91-पीएसयू(टी)]

एस. के. राव, अवर सचिव

MINISTRY OF TOURISM

New Delhi, the 30th April 1991

S.O. 1460—In exercise of the powers conferred by section 3 of the Public Premises (Eviction of Unauthorised occupants) Act, 1971 (40 of 1971), the Central Government hereby makes the following amendments in the Notification of the Government of India in the Ministry of Tourism No. S.O. 3758 dated the 30th September, 1982, namely:—

In the said notification, for the table as the entries relating thereto the following Table as entries shall be substituted, namely:—

TABLE

Designation of the Officer	Categories of Public premises and local limits of the jurisdiction.
1	2
"Manager (Personnel), India Tourism Development Corporation Limited, Ashok Radison Hotel, High Grounds, Kumara Krupa, Bangalore.	All premises belonging to or taken on lease by India Tourism Development Corporation Ltd. and situated in the State of Karnataka'.

[No. 6/21/91-PSU (T)]

S.K. Rao, Under Secy.

श्रम मंत्रालय

नई दिल्ली, 30 अप्रैल, 1991

का.आ. 1461 :—औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) के अनुसरण में केन्द्रीय सरकार, इसके द्वारा औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 की धारा 33-क के अधीन श्री अवध बिहारी, रावनवाड़ा खास कोलियरी, डाकघर-डिघवानी, जिला-छिंदवाड़ा (म.प्र.) द्वारा उप-क्षेत्रीय प्रबन्धक, पेंच-पूर्वी उपक्षेत्र, पेंच वेस्टर्न कोलफील्ड्स लि., जिला-छिंदवाड़ा (म.प्र.) के विरुद्ध शिकायत दायर करने पर, जो कि केन्द्रीय सरकार को 23 अप्रैल, 1991 को प्राप्त हुई थी, केन्द्रीय सरकार औद्योगिक अधिकरण एवं श्रम न्यायालय, जबलपुर (म.प्र.) का (अनुबन्ध में यथानिर्दिष्ट पंचाट प्रकाशित करती है।

MINISTRY OF LABOUR

New Delhi, the 30th April, 1991

S.O. 1461.—In pursuance of Section 17 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby publishes the Award of the Central Government Industrial Tribunal-cum-Labour Court, Jabalpur (M.P.) as shown in the Annexure, on the complaint filed by Shri Awadh Bihari, Rawanwara Khas Colliery, P.O. Dighwani, Dist. Chhindwara (M.P.) against the Sub-Area Manager, Pench East Sub Area, Pench Area, Western Coalfields Ltd., Distt. Chhindwara (M.P.) under Section 33-A of the Industrial Disputes Act, 1947, which was received by the Central Government on the 23rd April, 1991.

ANNEXURE

BEFORE SHRI V. N. SHUKLA, PRESIDING OFFICER, CENTRAL GOVERNMENT INDUSTRIAL TRIBUNAL-CUM-LABOUR COURT, JABALPUR (M.P.)

Case No. CGIT/LC(A)(5)/1982

PARTIES :

Shri Awadh Bihari, Rawanwara Kahs Colliery, P.O. Dighwani, District Chhindwara (M.P.) Complainant

Versus

The Sub-Area Manager, Pench East Sub-Area, Pench Area, Western Coalfields Limited, District Chhindwara (M.P.) ...Opposite Party.

APPEARANCES :

For Complainant—Shri R. K. Gupta, Advocate.

For Opposite Party—Shri Rajendra Menon, Advocate.

INDUSTRY : Coal Mining DISTRICT : Chhindwara (M.P).

AWARD

Dated, the 10th April, 1991

This is a Complaint filed by Shri Awadh Bihari under Section 33-A of the I. D. Act, 1947.

2. The workman/complainant was a Head Clerk with the management and was retired from service with effect from 1-11-1981 on attaining the age of 60 years. He said to have been in service from 1939.

3. The Complainant says that there is no provision under which he could be retired at the age of 60 years. That a reference was pending before this Tribunal being No. CGIT/LC(R)(29)/81. The terms of the reference are as follows:

"Whether the action of the management of (Rawanwara Khas Colliery of Messrs Western Coalfields Limited), in not regularising Shri Awadh Bihari as Head Clerk, and in transferring him to Pench East Colliery as Despatch Clerk from 16-3-1980 is justified? If not, to what relief is the workman concerned entitled?"

Hence no change in his service condition could be made pending a decision of the reference and permission of the Tribunal was necessary before retiring the workman. It amounts to retrenchment and in the circumstances he is entitled to retrenchment compensation under Sec. 25F of the I.D. Act.

4. According to the management, the reference matter was a distinct matter not connected with this case. He was rightly retired at the age of superannuation i.e. 60 years. He has not been retrenched. He is not entitled to any compensation or any relief whatsoever. The complaint is not maintainable under Sec. 33-A of the I.D. Act and therefore it be rejected.

5. Following issues were framed by my learned predecessor and my findings are recorded as under.

ISSUES

1. Whether under circumstances of the case the workman could be retired at the age of 60 years?
2. Whether or not retirement of the workman militates against the terms of reference pending before the Industrial Tribunal for adjudication?
3. Whether it is necessary to obtain permission of the Tribunal before retiring the workman?
4. Whether the retirement of the petitioner would amount to retrenchment?
5. Whether in the present circumstances the complaint is maintainable under Section 33-A of the I.D. Act?

FINDINGS :

6. Issues No. 1 to 5.—I will deal with all these issues together for the purpose of gravity and convenience. The Award arising out of the Reference is Ex. W/1 and the application of the workman addressed to the Deputy Chief Mining Engineer is Ex. W/2. Management has also filed two documents Ex. M/1 and Ex. M/2. The workman/complainant on his part examined himself in support of his case.

7. At the out set I must point out that the reference relating to the Award Ex. W/1 is entirely different and is not connected with the superannuation of the workman concerned. The terms of reference are reproduced above. I need not reproduce the facts of the case in Reference No. 29/81. However, I reproduce the relevant part of the order made in the Award in Case No. 29/81 which is as under :—

"I, therefore, answer the question referred by saying that the workman was entitled to be regularised on the post of a Head Clerk from May, 1977 onwards and his transfer to another colliery as a Despatch Clerk was unjustified. He would, therefore, be entitled to the salary and all other benefits of a Head Clerk till his date of retirement. The workman is entitled to costs of Rs. 100 from the management."

Thus this reference relates to entirely different issues altogether and would not come in the way of issuing the order of retirement at the age of superannuation. The workman has admitted that while he was working in the private colliery there was no agreement to the effect that particular age shall be the age of superannuation. He was not given any fresh appointment by the present management who had taken over the mines at the time of nationalisation. Thus the rules or the direction issued by the competent authority in this regard would be binding on the workman concerned and as per Ex. M/1 the age of superannuation

was enhanced from 58 to 60 years and the workman was retired on the age of superannuation i.e. when he attained the age of 60 years. Thus there is no retrenchment of the workman. It was not necessary to obtain the permission of the Tribunal before retiring the workman. The retirement certainly does not amount to retrenchment. The Complaint is not tenable in the circumstances. Complaint under Sec. 33A of the I.D Act is accordingly dismissed with no order as to costs. I answer the issues accordingly. Award is also made accordingly.

V. N. SHUKLA, Presiding Officer

[No. L-22013/6/91-IR (C-II)]

नई दिल्ली, 1 मई, 1991

का.आ. 1462 :—औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार पारसकोल कोलयिरी आफ मै. ई.सी.लि. के प्रबन्धतंत्र से संबद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच, अनुबंध में निर्दिष्ट औद्योगिक विवाद मे केन्द्रीय सरकार औद्योगिक अधिकरण, आसनसोल के पंचपट को प्रकाशित करती है, जो केन्द्रीय सरकार को 30-4-91 को प्राप्त हुआ था।

New Delhi, the 1st May, 1991

S.O. 1462.—In pursuance of Section 17 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby publishes the award of the Central Government Industrial Tribunal, Asansol as shown in the Annexure, in the industrial dispute between the empoyers in relation to the management of Parascole Colliery of M/s. E.C. Ltd. and their workmen, which was received by the Central Government on the 30-4-91.

ANNEXURE

BEFORE THE CENTRAL GOVERNMENT INDUSTRIAL TRIBUNAL, ASANSOL

Referneec No. 55/88

PARTIES :

Employers in relation to the Management Parascole Colliery of M/s. E.C. Ltd.

AND

Their Workman.

APPEARANCES :

For the Employers—Shri P. K. Das, Advocate.

For the Workman—Shri B. Kumar, Joint Secretary of the Union.

INDUSTRY : Coal. STATE : West Bengal

Dated, the 22nd April, 1991

AWARD

The Government of India in the Ministry of Labour in exercise of the powers conferred on them by clause (d) of sub-section (1) and sub-section (2A) of Section 10 of the Industrial Disputes Act, 1947 has referred the following dispute to this Tribunal for adjudication vide Ministry's Order No. L-24012(248)/87-D.IV(B) dated the 28th July, 1988.

SCHEDULE

"Whether the action of the Management of Parascole Colliery of M/s. E.C. Ltd., in not referring the case of Shri Gopal Paul to the Appex Medical Board prior to his retirement i.e. 10-3-87 and not giving employment to his dependant when he remained idle from October, 1985 to 10-3-87 on account of his not being able to resume duty, is justified? If not, to what relief the workman concerned is entitled?"

2. Today (22-4-91) Sri B. Kumar, Joint Secretary of the union submits that he has no instruction to proceed with the case. The concerned workman has also not turned up. It appears to me that no dispute exists. Accordingly a no dispute award is passed in this case.

N. K. SAHA, Presiding Officer

[No. L-24012/248/87-D IV(B)]

का.आ. 1463 :—औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार माधायपुर कोलियरी आफ मै. ई.सी.लि. के प्रबन्धतंत्र से संबद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच, अनुबंध में निर्दिष्ट औद्योगिक विवाद में केन्द्रीय सरकार औद्योगिक अधिकरण, आसनसोल के पंचपट को प्रकाशित करती है, जो केन्द्रीय सरकार को 30-4-91 को प्राप्त हुआ था।

S.O. 1463.—In pursuance of Section 17 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby publishes the award of the Central Government Industrial Tribunal, Asansol as shown in the Annexure, in the industrial dispute between the employers in relation to the the management of Madhaipur Colliery of M/s. E.C. Ltd., and their workmen, which was received by the Central Government on the 30-4-91.

ANNEXURE

BEFORE THE CENTRAL GOVERNMENT INDUSTRIAL TRIBUNAL, ASANSOL

Reference No. 50/89

PARTIES :

Employers in relation to the Management of Madhaipur Colliery of M/s. E.C. Ltd.

AND

Their Workmen.

APPEARANCES :

For the Employers—Shri P. Banerjee, Advocate.

For the Workmen—Shri M. Mukherjee, Advocate.

INDUSTRY : Coal. STATE : West Bengal.

Dated, the 22nd April, 1991

AWARD

The Government of India in the Ministry of Labour in exercise of the powers conferred on them by clause (d) of sub-section (1) and sub-section (2A) of Section 10 of the Industrial Disputes Act, 1947 has referred the following dispute to this Tribunal for adjudication vide Ministry's Order No. L-22012(197)/89-IR (C.II) dated the 5th/6th December, 1989.

SCHEDULE

"Whether the action of the management of Madhaipur Colliery of M/s. E.C. Ltd., in retrenching S/Sri Nanda Lal Kurmi and 21 others (listed below) on and from 9-1-79 is justified? If not, to what relief are the concerned workmen entitled?"

LIST OF THE WORKMEN

Pl. see Annexure for list)

2. Today (22-4-91) Sri M. Mukherjee, learned Advocate for the union submits that he has no instruction to proceed with the case. The concerned workmen have also not turned up. It appears to me that no dispute exists. Accordingly a no dispute award is passed in this case.

N. K. SAHA, Presiding Officer

[No. L-22012/197/89-IR (C-II)]

RAJA LAL, Desk Officer

Enc : List of Workmen

ANNEXURE-A

Part of the Award

1. Shri Nandalal Kurmi—Black Smith
2. Shri Ram Mistry—Black Smith
3. Shri Chittranjan Karmakar—Welder
4. Shri Jaikanto Roy—Mason Mistry
5. Shri Id. Mahamman- Stone cutters
6. Shri Md. Mohasin—Stone cutter
7. Shri Sk. Sardar Ali Khan—Stone cutter
8. Shri Balram Bouri—Stone cutter
9. Shri Sk. Murtuja Ali—Stone cutter
10. Shri Moor Haru—Stone cutter
11. Shri Sk. Mohiuddin—Stone cutters
12. Shri Abdul Alim—Stone cutter
13. Shri Md. Illiss—Stone cutter
14. Shri Meer Anwar—Stone cutter
15. Shri Chanek Bouri—Stone cutter
16. Shri Arun Kr. Mondal—Stone cutter
17. Shri Jitan Dome—Stone cutter
18. Shri Shyam Dome—Stone cutter
19. Shri Pather Bagdi—Stone cutter
20. Shri Sudan Bagdi—Stone cutter
21. Shri Dulal Patra—Stone cutter
22. Shri Chakradhar Pandey—Stone cutter.

नई दिल्ली, 30 अप्रैल, 1991

का.आ. 1464 :—औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार कैंट बोर्ड, पूना के प्रबन्धतंत्र के संबद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच, अनुबंध में निर्दिष्ट औद्योगिक विवाद में केन्द्रीय सरकार औद्योगिक अधिकरण, नं. 2, बम्बई के पंचपट को प्रकाशित करती है, जो केन्द्रीय सरकार को 29-4-91 को प्राप्त हुआ था।

New Delhi, the 30th April, 1991

S.O. 1464.—In pursuance of Section 17 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby publishes the award of the Central Government Industrial Tribunal, No. 2, Bombay as shown in the Annexure, in the industrial dispute between the employers in relation to the management of Cantt. Board Pune and their workmen, which was received by the Central Government on 29-4-91.

ANNEXURE

BEFORE THE CENTRAL GOVERNMENT INDUSTRIAL TRIBUNAL NO. 2, BOMBAY

Reference No. CGIT-2/3 of 1991

PARTIES :

Employers in relation to the management of Cantonment Board, Pune.

AND

Their Workmen.

APPEARANCES :

For the Employer—1. Shri G. S. Sohal, Cantonment Executive Officer|

2. Shri S. N. Kurpe, Advocate..

For the Workmen—Shri M. S. Shivane, General Secretary, Pune Cantonment Karmachari Sangh.

INDUSTRY : Cantonment Board STATE : Maharashtra

Bombay dated the 19th April, 1991

AWARD

The Central Government by their order No. L-13011/8/90-IR(DU), dated 23-1-1991 have referred the following industrial dispute to this Tribunal for adjudicaiton under Section 10(1)(d) of the Industrial Disputes Act, 1947 :

"Whether the action of the Cantonment Board, Pune in relation to all its workmen at Pune in cancelling the 1st, 3rd and 5th saturday holidays of a month w.e.f. 16-9-88 and not making payment of overtime to the workmen entitled for these holidays is justified? If not, to what relief the workmen are entitled?"

2. A notice of this reference was duly served upon both the parties. Both the parties appeared before this Tribunal. However, the Union did not file its Statement of Claim challenging the said action of the Cantonment Board, and the Cantonment Board also did not file its Written Statement in support of its action.

3. However, on 11-4-1991 the General Secretary of the Union (Sangh) filed his application stating that the Union does not want to proceed further in the matter, as they want the said question to be discussed in the J.C.M. Meeting and they may be allowed to withdraw the present reference. The representative of the Cantonment Board made an endorsement on that application that Cantonment Board has no objection for the withdrawal of this reference.

4. Therefore, as the Union does not want to proceed further in the matter, the present reference stands disposed off The parties to bear their own costs of the reference.

P. D. APSHANKAR, Presiding Officer

[No. L-13011/2/90-IR (DU) (Pt.)]

का.आ. 1465 :—औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार खादी एण्ड विलेज इन्डस्ट्री कमीशन, बीकानेर के प्रबन्धतंत्र के संबद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच, अनुबंध में निर्दिष्ट औद्योगिक विवाद में औद्योगिक अधिकरण बीकानेर के पंचपट को प्रकाशित करती है, जो केन्द्रीय सरकार को 30-4-91 को प्राप्त हुआ था।

S.O. 1465.—In pursuance of Section 17 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby publishes the award of the Industrial Tribunal, Bikaner as shown in the Annexure, in the industrial dispute between the employers in relation to the management of Khadi & Village Industries Commission Bikaner and their workmen, which was received by the Central Government on 30-4-91.

औद्योगिक न्यायाधिकरण, बीकानेर

केन्द्रीय औद्योगिक विवाद प्रसंग सं. 1 सन् 1988

खादी कमीशन कर्मचारी यूनियन, बीकानेर

—प्रार्थी/यूनियन

बनाम

खादी एंड विलेज इण्डस्ट्रीज कमिशनर, बाम्बे

—प्रार्थी/नियोजक

रैफरेन्स अन्तर्गत धारा 10 (1) (घ)

औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947

उपस्थिति

न्यायाधीश—श्री पी.एस. शुक्ला, आर.एच.जे.एस.

1. श्री कन्हैयालाल जोशी —स्वयं श्रमिक.

2. श्री विपिनचन्द गोयल, अधिवक्ता विपक्षी नियोजक की ओर से

अवार्ड

दिनांक 14 जनवरी, 1991

श्रम और पुनर्वास मंत्रालय, श्रम विभाग, भारत सरकार ने अपनी अधिसूचना क्रमांक 42012/8/83-डी-II/बी. दिनांक 9-12-1983 के द्वारा औद्योगिक न्यायाधिकरण, जयपुर को प्रेषित प्रसंग के अन्तर्गत निम्न विवाद निपटारे हेतु भेजा था :—

Whether the action of Khadi and Village Industries Commission, Bikaner denying an opportunity of Interview to Shri K. L. Joshi, U.D.C. for the post of Assistant Director (Gen. Admn/Training/HBT-WSA) before the selection Board during June 1980 isjustified ? If not, to what relief is Shri Joshi entitled ?

तदुपरान्त श्रम मंत्रालय के आदेश दिनांक 6-11-87 द्वारा यह प्रकरण इस न्यायाधिकरण को भेजा गया है।

2. इस प्रसंग के अन्तर्गत प्रार्थी श्रमिक ने अपना क्लेम प्रस्तुत करते हुए यह पक्ष रखा कि वह औद्योगिक कर्मकार है और उसकी योग्यता एम.ए. लोक प्रशासन और राजनीति शास्त्र में है तथा वह हील एण्ड बोर्डर एरिया में कार्यरत है जिससे अपनी उच्च शैक्षणिक योग्यता के कारण उच्च पद पर नियुक्ति का अधिकारी है। उसका यह पक्ष है कि विपक्षी खादी कमीशन ने उच्च पदों पर भर्ती के लिये एक सेवा मण्डल बना रखा है तथा प्रार्थी खादी कमिशन कर्मचारी यूनियन का सक्रिय व प्रभासणाली कार्यकर्ता रहा है तथा आफिस बियरर रहा है जिससे विपक्षीगण अप्रसन्न रहते है और उसके साथ भेदभाव की नीति अपनाते थे। प्रार्थी ने यह क्लेम प्रस्तुत किया है कि विज्ञापन दिनांक 30-6-80 के आधार पर उसने सहायक निदेशक, जी.ए.,एच.बी.टी. डब्ल्यू.एस.ए. व सहायक निदेशक प्रशिक्षण के पदों हेतु आवेदन पत्र भिजवाये थे। किन्तु, साक्षात्कार में उसे नहीं बुलाकर अन्य व्यक्ति जो योग्यता एवं अनुभव में न्यून थे, उन्हें मनमानीपूर्ण कार्यवाही कर मनमानी छूट देकर पदों को भरने की कार्यवाही कर ली। उसने यह भी पक्ष रखा कि वरिष्ठ लिपिक होते हुए उसने कई बार अधीक्षक का कार्य किया है और उसे साक्षात्कार में सम्मिलित नहीं करने की कार्यवाही बदनीयति पर आधारित है, स्वेच्छाचारी है, जो बिना मस्तिष्क लगाये व बिना न्यायसंगत विचार किये विधि विरुद्ध की गई है। उसने यह प्रार्थना की कि उसको विज्ञापन दिनांक 20-6-80 के आधार पर साक्षात्कार में सम्मिलित किये जाने का आदेश पारित किया जाये अथवा उसे सहायक निदेशक के पद पर पदोन्नत किया जावे।

3. विपक्षी ने जवाब दावा प्रस्तुत करते हुए प्रार्थी को कर्मकार और स्वयं को औद्योगिक संस्थान होना नकारा है। उन्होंने यह तो स्वीकार किया कि प्रार्थी वरिष्ठ लिपिक के पद पर कार्य कर रहा है किन्तु यह पक्ष रखा कि केवल शैक्षणिक योग्यता के आधार पर ही उसको उच्च पद का अधिकारी नहीं कहा जा सकता क्योंकि वह सहायक निदेशक पद की कोई योग्यता या अनुभव नहीं रखता है और विपक्षी साक्षात्कार हेतु उसको बुलाये जाने के लिये बाध्य नहीं था। अन्य आपत्तियों के साथ यह भी आपत्ति उठाई गई कि साक्षात्कार हेतु बुलाने अथवा न बुलाने का विवाद "औद्योगिक विवाद" की परिभाषा में नहीं आता है जिससे ऐसा विवाद न्यायालय में चल सकने योग्य नहीं है। यह भी कि प्रार्थी को उपयुक्त अनुभव प्राप्त नहीं है जिससे कि उसको साक्षात्कार के लिये विचारणीय माना जाए तथा यह भी आपत्ति उठाई गई कि खादी एवं ग्रामोद्योग कमीशन एक स्वायत्तशासी संगठन है।

4. उपर्युक्त वाद-प्रतिवाद के आधार पर निम्न विचारणीय बिन्दु प्रकट होते हैं :—

1. क्या प्रार्थी श्रमिक एवं विपक्षी उद्योग है एवं उनके मध्य कर्मकार और नियोजक का सम्बन्ध स्थापित है ?

2. क्या साक्षात्कार में बुलाने अथवा न बुलाने का विवाद औद्योगिक विवाद नहीं है, जिससे ऐसा विवाद इस न्यायालय में चल सकने योग्य नहीं है ?

3. क्या प्रार्थी को साक्षात्कार हेतु बुलाने की सुविधा न देना अनुचित है ?

4. प्रतिकार ?

उपर्युक्त बिन्दुओं को सिद्ध करने हेतु प्रार्थी श्रमिक कन्हैयालाल जोशी ने स्वयं को साक्ष्य गृह में बतौर डब्ल्यू डब्ल्यू 1 पेश किया है और विपक्षी की ओर से श्री वेदप्रकाश आर्य एम.डब्ल्यू. 1 साक्ष्य गृह में प्रस्तुत हुए है। इन साक्षीगण के कथन, पत्रावली व प्रपत्रों के अवलोकन तथा पक्षकारों के तर्क श्रवण के पश्चात् मेरे विचारित निष्कर्ष निम्न है :—

बिन्दु सं. 1

5. इस बिन्दु के अन्तर्गत विपक्षी का यह पक्ष है कि सहायक निदेशक को वेतन श्रृंखला में लगभग 1600-1700-

सम्पूर्ण वेतन व भत्तों सहित प्रतिमाह भुगतान किया जाता है। ऐसी परिस्थितियों में सहायक निदेशक का पद कर्मकार की परिभाषा में नहीं आता है। किन्तु, उनका यह तर्क उपयुक्त नहीं है। प्रार्थी ने स्वयं को वरिष्ठ लिपिक होना वर्णित किया है और यह तथ्य स्वीकृत है कि प्रार्थी विपक्षी नियोजक के अधीन वरिष्ठ लिपिक के पद पर कार्य कर रहा है। इस प्रकार प्रार्थी वरिष्ठ लिपिक के पद पर कार्य करने वाला कर्मकार है क्योंकि विवाद के समय प्रार्थी की स्थिति ही विचारित किये जाने योग्य होती है और यह केवल काल्पनिक है कि पदोन्नत पद पर प्रार्थी कर्मकार रहेगा अथवा नहीं क्योंकि पदोन्नति का पद कर्मकार की परिधि के बाहर है और पर्यवेक्षकीय पद है। फलस्वरूप प्रार्थी स्वीकृत स्थिति के अनुसार वरिष्ट लिपिक है, कर्मकार है, ऐसा सुरक्षापूर्वक अभिनिर्णीत किया जा सकता है।

6. विपक्षी अभिभाषक का यह भी तर्क है कि खादी एवं ग्रामोद्योग कमीशन स्वायत्त शासी संगठन है जिसका गठन भारत सरकार द्वारा किया जाता है और भारत सरकार द्वारा नियुक्त अधिकारी ही इसके अध्यक्ष/उपाध्यक्ष और सचिव व सदस्य होते हैं जिससे भी विपक्षी एक औद्योगिक संस्थान नहीं है। किन्तु बेंगलोर वाटर सप्लाई एण्ड सिवरेज बोर्ड बनाम ए. राजप्पा-1978 लेब आई सी -467 में उच्चतम न्यायालय द्वारा दिये गये निर्णय के उपरान्त अब यह विवाद शांत हो गया है। बेंगलोर वाटर सप्लाई एण्ड सिवरेज बोर्ड वाले इस प्रकरण में यह व्यवस्था दी गई है कि जहां व्यवस्थित क्रिया कलाप, नियोजक और कर्मकार के पद पर सहयोग से मानवीय इच्छा पूर्ति हेतु किसी वस्तु का विनिर्माण अथवा वितरण किया जाता है, "उद्योग" की परिभाषा में जायेगा। इस प्रकार इस दृष्टि से विपक्षी नियोजक संस्थान एक "औद्योगिक संस्थान" है। इस प्रकरण में प्रार्थी कर्मकार है और इन दोनों के मध्य नियोजक और कर्मकार का आपसी सम्बन्ध स्थापित है जिससे यह बिन्दु सकारात्मक रूप में अभिनिर्णीत किया जाता है।

बिन्दु सं. 2

7. विपक्षी ने यह आपत्ति उठाई है कि किसी कर्मकार को साक्षात्कार हेतु बुलाने अथवा न बुलाने का विवाद "औद्योगिक विवाद" की परिभाषा में नहीं आता है। जिससे यह विवाद इस न्यायालय के समक्ष चल सकने योग्य नहीं है। श्रमिक कन्हैयालाल जोशी ने स्वयं तर्क प्रस्तुत करते हुए अपना पक्ष यह रखा कि उनका विवाद अधिनियम की द्वितीय अनुसूची के खण्ड 6 तथा तृतीय अनुसूची के खण्ड II के अधीन है। किन्तु द्वितीय अनुसूचि का खंड 6 यह प्रावधान करता है कि ऐसे सभी मामले जो तृतीय सूची में विनिर्दिष्ट नहीं है जो श्रम न्यायालय के अधिक्षेत्र में विचारणीय माने जा सकते हैं। प्रथम तो यह न्यायालय औद्योगिक न्यायालय है जिसके समक्ष यह प्रसंग प्रस्तुत किया गया है। द्वितीय, यह कि यह खण्ड केवल यह प्रावधान करता है कि जो विवाद तृतीय अनुसूची में विनिर्दिष्ट नहीं है उनको द्वितीय अनुसूची के अन्तर्गत श्रम न्यायालय द्वारा विचारित किये जा सकता है। प्रकट रूप से खण्ड-6 उन निःशेष मामलों से सम्बन्धित है जो तृतीय अनुसूची में विशिष्ट रूप से वर्णित नहीं किये गये हैं। इस प्रकार खण्ड-6 सकारात्मक रूप में यह प्रावधान नहीं करता कि साक्षात्कार का विषय "औद्योगिक विवाद" है बल्कि यह खण्ड तो यह वर्णित करता है कि जो मामले तृतीय अनसूची में विनिर्दिष्ट नहीं है, उन मामलों को श्रम न्यायालय विचारित कर सकता है। वास्तव में यह द्वितीय अनसूची तो श्रम न्यायालय के अधिक्षेत्र में आने वाले मामलों से सम्बन्धित है जिससे व उपयुक्त विश्लेषण के आधार पर प्रार्थी का पक्ष स्थापित नहीं रहता है कि उसका यह विवाद इस न्यायालय के श्रवणाधिकार क्षेत्र के अधीन आता है।

8. तृतीय अनुसूची धारा 7-ए के अन्तर्गत उन मामलों का सम्बन्ध है जो औद्योगिक न्यायालय के अधिकार क्षेत्र में आते हैं, तृतीय अनुसूची के खण्ड-II में जिस पर कि प्रार्थी ने स्वयं को आधारित किया है, यह प्रावधान किया गया है कि कोई अन्य मामला जो विहित किया जाए। फलस्वरूप इस खण्ड का सीधा सादा तात्पर्य यह है कि कोई अन्य मामला जो विहित किया जाए तो उस पर भी औद्योगिक न्यायालय द्वारा विचार किया जा सकता है। प्रार्थी श्रमिक यह स्पष्ट नहीं कर सका है कि उसको साक्षात्कार में न बुलाने का मामला उपयुक्त सरकार ने विहित (Prescribed) किया है। वह यह भी स्पष्ट नहीं कर पाया है कि उसका मामला किस प्रकार विहित मामले की परिधि में आता है। परिणाम यह है कि प्रार्थी को साक्षात्कार के लिये बुलाया जाए अथवा नहीं, तृतीय अनुसूची के अन्तर्गत भी नहीं आता है क्योंकि खण्ड-II इसके लिये कोई प्रावधान नहीं करता है।

9. प्रार्थी श्री कन्हैयालाल जोशी द्वारा यह तर्क प्रस्तुत करने का प्रयत्न किया गया है कि वह यूनियन का सक्रिय कार्यकर्ता रहा है जिससे उसको दमित करने के प्रयोजन श्रम प्रक्रिया के अन्तर्गत साक्षात्कार के लिये उसको नहीं बुलाया गया। किन्तु जहां कर्मकार यह आक्षेपित करें कि विपक्षी ने दुर्भावना की है अथवा अनुचित श्रम प्रक्रिया अपनाई है अथवा दमनकारी कार्य किया है तो यह अपेक्षा है कि वह पर्याप्त व समुचित साक्ष्य से इसे साबित करें। ओ.पी. मल्होत्रा द्वारा रचित "दी लॉ आफ इण्डस्ट्रियल डिस्प्युट्स" चतुर्थ संस्करण के पृष्ठ सं. 249 में यह उल्लेखनीय किया गया है कि केवल मात्र यह आक्षेपित करना ही पर्याप्त नहीं है अपितु उसको उपयुक्त साक्ष्य द्वारा सिद्ध भी किया जाना चाहिये। न्यायमूर्ति बांच ने 1966 (1) एल.एल.जे. (एस.सी.) 402 में यह अभिनिर्णित किया है कि अधिकरण बिना सापेक्ष पर विचार के किसी निष्कर्ष पर किन्हीं बाहरी तत्वों के आधार पर पहुंचे तो अधिकरण का ऐसा निष्कर्ष दूषित है और निरस्त किये जाने योग्य है। प्रार्थी ने साक्ष्य में यह अवश्य कहा है कि वह मान्यताप्राप्त यूनियन का आफिस बियरर है। किन्तु उसने यह बताया है कि वह यूनियन की केन्द्रीय कार्यकारिणी का उपाध्यक्ष पिछले चार वर्षों से है अर्थात् 1985 से है जबकि यह विवाद 1980 का है। यद्यपि उसने यह अनभिज्ञता प्रकट की है कि राज्य खादी।

कमिशन कर्मचारी यूनियन राजस्थान में मान्यता प्राप्त है या नहीं और उसने यह भी नकारा है कि उसकी यूनियन में मात्र 2-3 सदस्य ही हो। किन्तु प्रार्थी के कथन से यह अत्यन्त स्पष्ट है कि प्रार्थी यूनियन का सक्रिय कार्यकर्ता अथवा आफिस बियरर नहीं था जिससे उसके विरुद्ध दुर्भावनापूर्ण कार्य किये जाने अथवा दमन कर अनुचित श्रम प्रक्रिया अपनाने का प्रश्न ही नहीं है। इस विश्लेषण का यह निष्कर्ष है कि प्रार्थी द्वारा उठाया गया यह विवाद द्वितीय अनुसूची अथवा तृतीय अनुसूची अथवा पंचम अनुसूची की परिधि में नहीं आता है जिसके परिणामस्वरूप यह विवाद कि श्रमिक को किसी साक्षात्कार के लिये बुलाया जाय अथवा नहीं यह "औद्योगिक विवाद" की परिधि में नहीं आता है क्योंकि साक्षात्कार के उपरान्त भी एक लम्बी प्रक्रिया के पश्चात चयन सम्पूर्ण होता है। ऐसी स्थिति में साक्षात्कार हेतु न बुलाया जाना पदोन्नति नकराने के समकक्ष नहीं है। जिसमें किसी व्यक्ति को या किसी श्रमिक को साक्षात्कार हेतु बुलाये जाने अथवा न बुलाये जाने का विवाद किसी भी प्रकार "औद्योगिक विवाद" की परिधि में नहीं आता है फलस्वरूप यह बिन्दु भी नकारात्मक रूप में अनिर्णित किया जाता है।

बिन्दु सं 3

10. प्रार्थी का यह पक्ष है कि योग्य होते हुए भी उसको साक्षात्कार में नहीं बुलाया गया और अन्य उम्मीदवारों में श्री आर. पी. लेपचा को मात्र 33 प्रतिशत अंक बी. कॉम में प्राप्त करने व किसी अनजान डेयरी में कार्यरत होने पर उसे अनुभव व शैक्षणिक योग्यता में छूट दी गई जो उचित नहीं है। उनका तर्क यह है कि श्री. सुब्रहृमनियम श्री आर. एल. गुप्ता, श्री सी. जी. मदान, श्री पी. नारायण, श्री टी. एस. कृष्णन, श्री एस. एन. चौधरी आदि आवश्यक शैक्षणिक योग्यता नहीं रखते थे फिर भी उनको साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया गया। किन्तु इस सम्बन्ध में स्थिति यह है कि सेवामण्डल ने शैक्षणिक योग्यता में चार आदमियों को छूट दी। श्री लेपचा को डेयरी मेनेजमेन्ट में तीन साल का अनुभव था और अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के प्रत्याशी थे जिन्हें विशेष छूट प्रदान की गई थी। ऐसा साक्ष्य विपक्षी साक्षी श्री वेदप्रकाश आर्य एम. डब्ल्यू. ने प्रदान किया है। उन्होंने यह भी साक्ष्य प्रदान किया है कि श्री गुप्ता इकोनॉमिक इन्वेस्टीगेटर थे जो एम.ए. (इकोनॉमिक्स) थर्ड क्लास थे और इसके अतिरिक्त और भी योग्यताएं रखते थे। उन्होंने यह स्पष्ट साक्ष्य प्रदान किया है कि जिनको बुलाया गया है उनकी योग्यता निर्धारित योग्यता थी जबकि प्रार्थी को अनुभव की योग्यता नहीं थी। प्रदर्श-9 विज्ञापन दिनांक 20-6-80 यह प्रावधान करता है कि शैक्षणिक योग्यता द्वितीय श्रेणी स्नातक के साथ तीन वर्ष का न्यूनतम कार्मिक प्रबन्धकीय अथवा सामान्य प्रबन्धन मे पर्यवेक्षकीय स्थिति में अपेक्षित था। यह भी निर्धारित था कि विशेष योग्यता प्राप्त अथवा अनुसूचित जाति-जनजाति के सदस्यों को योग्यता अथवा अनुभव में छूट प्रदान की जा सकती है। ऐसी स्थिति में यदि चार व्यक्तियों को विशेष छूट देकर साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया गया तो मात्र इससे प्रार्थी के पक्ष को कोई बल प्राप्त नहीं होता। इस प्रकरण में यह विवाद नहीं है कि प्रार्थी श्रमिक उपयुक्त शैक्षणिक योग्यता नहीं रखता था अर्थात् प्रार्थी श्रमिक शैक्षणिक योग्यता अवश्य रखता था। विवाद केवल यह है कि विपक्षी के अनुसार प्रार्थी को अनुभव प्राप्त नहीं था जिससे उसको साक्षात्कार हेतु नहीं बुलाया गया। इस स्थल पर प्रार्थी ने अपना दोहरा पक्ष रखने का प्रयत्न किया है। प्रथम तो यह कि कुछ व्यक्तियों को शैक्षणिक योग्यता में छूट देकर भी बुलाया गया है और दूसरा यह कि यदि उसको अनुभव में छूट प्रदान की जाती तो वह भी साक्षात्कार हेतु प्रत्याशी हो सकता था। इस स्थिति को विपक्षी अभिभावक ने इस प्रकार स्पष्ट किया है कि विज्ञापन के अनुसरण में 58 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया गया जिनमें श्री गोपाल कृष्णन व श्री. सुब्रहृमनियम को भी बुलाया गया था जिन्हें शैक्षणिक योग्यता में छूट दी गई थी क्योंकि विज्ञापन में वर्णित शर्तों के अनुसार उनके पास विज्ञापित पद से नीचे के पद अर्थात् सामान्य प्रशासन के पद अधीक्षक का लम्बा अनुभव प्राप्त था। उनके वार्षिक कार्य मूल्यांकन प्रतिवेद भी बहुत अच्छे थे या असाधारण थे। यह भी पक्ष रखा गया कि अनुसूचित जाति के सदस्यों के एक पद के लिये केवल 10 अभ्यर्थियों को आमंत्रित किया गया जिनमें से केवल तीन उपस्थित हुए जिनमें श्री लेपचा भी थे। श्री लेपचा यद्यपि 33 प्रतिशत अंक पाने वाले बी-कॉम योग्यता प्राप्त थे किन्तु उन्हें तीन साल डेयरी मेनेजमेन्ट का अनुभव था तथा वह अनुसूचित जाति का सदस्य था जिससे उसको विशेष छूट प्रदान की गई थी। यह भी तर्क प्रस्तुत किया गया कि अनुसूचित जाति के सदस्यों के सदस्य कम संख्या में उपस्थित होने के कारण भी छूट दिया जाना नितान्त उपयुक्त है और किसी भी प्रकार अवांछनीय नहीं है क्योंकि यह शैक्षणिक योग्यता तो प्राप्त था किन्तु अनुभव में उसे केवल छूट प्रदान की गई थी और ऐसी छूट प्रदान करने के लिये खादी कमिशन ने प्रस्ताव सं. 17 (1) और 17 (2) जनवरी 81 में पारित किये थे। उन्होंने यह भी तर्क प्रस्तुत किया है कि सहायक निदेशक केटेगरी सामान्य के लिये विज्ञापन की अनुपालना में कुल 181 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था जिनमें से 27 अभ्यर्थी अधिकांशतः विभागीय थे जो न केवल शैक्षणिक योग्यता प्राप्त थे अपितु उन्हें पर्यवेक्षकीय पद पर कार्य करने का पर्याप्त अनुभव भी प्राप्त थे उनमें से कुछ अधीक्षक थे, कुछ व्याख्याता थे अथवा प्रिंसीपल पद पर कार्य कर रहे थे और दो अभ्यर्थी कार्यकारी सहायक निदेशक के पद पर भी कार्य कर रहे थे। ऐसी स्थिति में सामान्य अभ्यर्थियों में अपेक्षाकृत ऐसे अनुभव प्राप्त अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिये बुलाया जाना नितान्त उपयुक्त समझा गया था उनका यह भी तर्क है कि ऐसी अवस्था में श्री के. एल. जोशी मात्र वरिष्ठ लिपिक थे और जिनको कोई अनुभव नहीं प्राप्त था किसी छूट दिये जाने की न तो आवश्यकता थी और न वांछनीयता जिससे श्री के. एल. जोशी को उपयुक्त ही साक्षात्कार हेतु आमंत्रित नहीं किया गया।

प्रार्थी से यह अपेक्षा है कि स्वयं अपने पैरों पर खड़ा हो। प्रार्थी यद्यपि शैक्षणिक योग्यता तो रखता था। किन्तु

उसको अनुभव प्राप्त नहीं था । प्रार्थी ने यद्यपि साक्ष्य में यह कहा है कि वह समय-समय पर अधीक्षक का कार्य करता था किन्तु विपक्षी साक्षी श्री वेदप्रकाश आर्य ने यह स्पष्ट कहा है कि प्रार्थी द्वारा अधीक्षक के पद पर नियमित रूप से अथवा अधीक्षक की गैर हाजिरी में उनकी एवज में कभी भी एक माह के लिये अस्थाई कार्य भी नहीं किया । ऐसी स्थिति में यह स्पष्ट है कि प्रार्थी को अनुभव की निर्धारित योग्यता प्राप्त नहीं थी। जिससे प्रार्थी न्यूनतम योग्यता ही नहीं रखता था तो केवल मात्र इस आधार पर साक्षात्कार के लिये न बुलाया जाना उपयुक्त नहीं है । प्रार्थी ने यह पक्ष नहीं रखा है कि उसको भी छूट प्रदान की जानी चाहिये थी अपितु उसने तो यह पक्ष रखा है कि कुछ व्यक्तियों को छूट दे कर पक्षपातपूर्ण व्यवहार किया गया है। किन्तु, जिन चार व्यक्तियों को छूट प्रदान की गई है उनके अनुभव प्राप्त हैं । ऐसी स्थिति में विज्ञापन प्रदर्ण-9 के आधार पर नियोजक को छूट देने का अधिकार होने से छूट दिया जाना अनुपयुक्त नहीं है । इस विश्लेषण का सारांश यह है कि प्रार्थी यह स्पष्ट साबित नहीं कर पाया है कि उसको साक्षात्कार हेतु न बुलाया जाना न केवल अनुचित था अपितु उसको साक्षात्कार हेतु अवश्य बुलाया जाना चाहिये था । परिणाम यह है कि यह बिन्दू नकारात्मक रूप में अभिनिर्णित किया जाता है ।

बिन्दू सं. 4

11. उपर्युक्त बिन्दुओं के निष्कर्षों के आधार पर यह तो प्रकट होता है कि प्रार्थी कर्मकार है और विपक्षी नियोजक औद्योगिक संस्थान है किन्तु यह स्थापित हुआ है कि प्रार्थी को साक्षात्कार हेतु बुलाये जाने अथवा न बुलाये जाने का विवाद ऐसा विवाद नहीं है जो औद्योगिक न्यायालय में विचारणीय मामलों की परिधि में आता हो । फलस्वरूप ऐसे विवाद में श्रवणाधिकार क्षेत्र इस न्यायलय को प्राप्त नहीं है । गुणावगुण पर भी, प्रार्थी यह स्थापित नहीं कर पाया है कि उसको साक्षात्कार हेतु बुलाया जाना अपेक्षित था और साक्षात्कार हेतु न बुलाया जाना अनुचित है । परिणामस्वरूप प्रार्थी किसी प्रतिकार को प्राप्त करने का अधिकारी नहीं है । जिससे यह प्रसंग नकारात्मक रूप में उत्तरित किये जाने योग्य है ।

आज्ञा :—

12. फलस्वरूप इस प्रसंग के अन्तर्गत यह पंचाट पारित किया जाता है कि :—

प्रार्थी श्रमिक को सहायक निदेशक, जी.ए.एच.डी.टी. डब्ल्यू.एस. व सहायक निदेशक प्रशिक्षण के पद हेतु साक्षात्कार की सुविधा न देना अनुचित नहीं है जिसके फलस्वरूप प्रार्थी किसी राहत को प्राप्त करने का अधिकारी नहीं है ।

उपयुक्त पंचाट प्रकाशनार्थ भारत सरकार को भेजा जावे ।

13. आज्ञा आज दिनांक 14-1-1991 को सरे इजलास लिखाई व सुनाई गई।

पी.एस. शुक्ला., न्यायाधीश

[सं. एल.-42012/8/83-डी-2 (बी) (पीटी)]

का.आ. 1466:— औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार खादी एवं विलेज इन्डस्ट्रिज कमीशन, बम्बई के प्रबन्धतंत्र के संबद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच, अनुबंध में निर्दिष्ट औद्योगिक विवाद औद्योगिक अधिकरण बीकानेर के पंचपट को प्रकाशित करती है, जो केन्द्रीय सरकार को 30-4-91 को प्राप्त हुआ था ।

S.O. 1466.—In pursuance of Section 17 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby publishes the award of the Industrial Tribunal, Bikaner as shown in the Annexure, in the industrial dispute between the employers in relation to the management of Khadi & Village Industries Commission, Bombay and their workmen, which was received by the Central Government on 30-4-1991.

औद्योगिक न्यायाधिकरण, बीकानेर

1. केन्द्रीय औद्योगिक विवाद प्रसंग सं 3/1988

जोनल सैक्रेटरी/सैक्रेटरी, खादी कमीशन कर्मचारी यूनियन, बाहेती भवन, रानी बाजार, बीकानेर एवं अन्य कर्मचारीगण

—प्रार्थी/यूनियन

बनाम

1. खादी कमीशन जरिये अध्यक्ष, खादी एवं ग्रयोद्योग आयोग, इर्ला रोड विले पार्ले, बम्बई-56

2. मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, खादी कमीशन इर्ला रोड विले पार्ले बम्बई-56

3. निदेशक, खादी कमीशन इर्ला रोड विले पार्ले बम्बई-56

4. सहायक निदेशक, खादी कमीशन, बाहेती भवन, रानी बाजार, बीकानेर.

विपक्षीगण/नियोजक

2. केन्द्रीय औद्योगिक विवाद प्रसंग सं 1 1089

खादी कमीशन कर्मचारी यूनियन, बाहेती भवन, रानी बाजार, बीकानेर

—प्रार्थी/यूनियन

बनाम

खादी ग्रामोद्योग आयोग, जरिये इसके मुख्य प्रशासनाधिकारी, खादी ग्रामों आयोग, इर्ला रोड विले पार्ले (प.) बम्बई-56

—विपक्षी/नियोजक

रेफरेन्स धारा 10(1) (घ)

औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947

उपस्थिति

न्यायाधीश—श्री पी एस शुक्ला, आर एच जे एस.

1. श्री कन्हैया लाल जोशी, अधिकृत प्रतिनिधि कर्मचारी यूनियन की ओर से,

2. श्री विपिनचन्द्र गोयल, अधिवक्ता नियोजक की ओर से

अवार्ड

दिनांक 21 जनवरी, 1991

केन्द्रीय सरकार के श्रम विभाग ने अपनी अधिसूचना क्रमांक एल. 42011/19/83डी. II(बी) दिनांक 24-2-1984 द्वारा निम्न विवाद निर्णयार्थ प्रेषित किया था ।

"Whether the Khadi and Village Industries Commission, Bombay is justified in discontinuing the Hill and Border Area Allowance to its employee with effect from 1-4-1976 ? If not, to what relief they are entitled ?"

"Whether the Khadi and Village Industries Commission, Bombay is justified in curtailing the facility of supply of 4-shoes and goggles to its employees in Hill and Border Areas ? If not, to what relief the Hill and Border Area Employees are entitled ?"

उपर्युक्त विवाद जयपुर औद्योगिक न्यायाधिकरण में सी. आई. टी. 38/84 पंजीकृत हुआ तत्पश्चात् समसंख्यक आदेश दिनांक 6-11-1987 द्वारा स्थानांतरित होकर इस न्यायाधिकरण को दिनांक 23-1-1988 को प्राप्त हुआ ।

2. केन्द्रीय सरकार के श्रम विभाग ने अपनी समसंख्यक अधिसूचना दिनांक 6 मार्च, 1989 के द्वारा निम्न विवाद निर्णायार्थ इस अधिकरण को प्रेषित किया है :—

"Whether the demand of Khadi Commission Karamchari Union, Bikaner for grant of special compensatory allowance to all the employees recruited and posted to the Hill and Border Area establishment of the Khadi and Village Industries Commission in 1965 and afterwards is justified ? If yes to what relief the concerned employees are entitled to and from what date."

3. ये दोनों ही प्रसंग केन्द्रीय सरकार द्वारा औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 की धारा 10(1) (घ) सपठित धारा 7-ए के अन्तर्गत विनिश्चय हेतु प्रेषित किये गये है । किन्तु इस न्यायालय के आदेश दिनांक 31-1-90 के द्वारा यह उपयुक्त पाया गया कि इन दोनों प्रसंगों को समेकित किया जाए क्योंकि इनके अन्तर्गत चाहे गये अनुतोष की प्रकृति एक ही जैसी है । जिससे प्रसंग सं. 1/89 को 3/88 के अन्तर्गत समेकित किया गया ।

इन दोनों प्रसंगों के अन्तर्गत प्रार्थी यूनियन द्वारा यह क्लेम प्रस्तुत किया गया कि विपक्षी के स्थाई आदेश सं. 422 दिनांक 30-1-64 के द्वारा खादी कमीशन के हिल और बोर्डर एरिया में कार्यरत कर्मचारियों को तीन अग्रिम वेतन वृद्धि के बराबर विशेष क्षतिपूर्ति भत्ता दिलाया जाता था । किन्तु, तह भत्ता आदेश सं० 11/32 दिनांक 27-4-76 के द्वारा दिया जाना बन्द कर दिया गया । यह वर्णित करते हुए कि पहाड़ी और सीमान्त क्षेत्र में विषम भौगोलिक स्थिति है, जिससे अपेक्षाकृत कठोर क्षेत्र में कठिनाईपूर्ण कार्य किया जाना दृष्टिगत रखते हुए आदेश सं. 422 के द्वारा यह क्षतिपूर्ति भत्ता दिलाया जाता था । किन्तु, इस सुविधा को धारा 9-ए (बी) की पालना किए बिना अर्थात बिना किसी नोटिस दिये यह भत्ता बन्द कर दिया गया, जो अनुचित है । यह भी वर्णित किया गया कि यद्यपि यह भत्ता कुछ शर्तों के साथ दिया जाना आदिष्ट किया गया था किन्तु उन शर्तों पर कोई ध्यान न देकर भारत भर के पहाड़ी व सीमान्त क्षेत्र में कार्यरत सभी कार्यकर्ताओं को यह भत्ता दिया जाने लगा, किन्तु, बाद में बन्द कर दिया गया । फलस्वरूप यह प्रार्थना की गई कि सभी कार्यकर्ताओं को इस क्षेत्र में विशेष नियुक्ति की तारीख पर विचार किए यह भत्ता आदेश सं. 422 के द्वारा निरन्तर दिया जाना चाहिये । यह भी पक्ष रखा गया कि विपक्षी ने अपने कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिये दो साल में एक चश्मा और प्रत्येक साल में एक जोड़ी रेगीस्तानी जूते देना स्वीकार किया था किन्तु बाद में बिना नोटिस दिए इन सुविधाओं में कमी करके पूरे सेवाकाल में एक चश्मा मूल्य 32 रुपए और दो साल में एक जोड़ी जूता मूल्य 60- रु. दिया जाना आदिष्ट किया गया जो कार्यवाही न केवल स्वेच्छाचारी है अपितु बिना न्यायसंगत और बिना मस्तिष्क लगाए विधि एवं नियमों के विरुद्ध की गई है । फलस्वरूप यह भी प्रार्थना की गई कि रेगिस्तानी कार्यकर्ताओं को एक वर्ष में एक जोड़ी जूता मूल्य 200 रु. और प्रत्येक दो वर्ष में एक चश्मा मूल्य 60 रु. दिलाया जाय ।

5. विपक्षीगण की ओर से कुछ प्रारंभिक आपत्तियां उठाई गई कि विपक्षीगण का कार्य एक स्वायतशाक्षी संगठन के रूप में केन्द्रीय सरकार के अधिनियम के अन्तर्गत ग्रामोद्योग विकास के लिए किया जाने वाला कार्य है जो भारत सरकार द्वारा घोषित बीस सूत्री कार्यक्रम के अन्तर्गत भी समाविष्ट है । इस प्रकार यह पक्ष रखा गया कि विपक्षी कोई औद्योगिक संस्थान नहीं है अपितु, वह भारत सरकार द्वारा संचालित स्वायत्त शासी संगठन है और यह भी कि प्रार्थी यूनियन की ओर से ऐसा विवाद उठाने के लिए अधिकृत भी नहीं है । यह भी पक्ष रखा गया कि 1976 में समाप्त की गई सुविधा का विवाद 1984 में उठाना विलंबित है और पुनः यह भी पक्ष रखा गया कि कर्मचारियों को केन्द्रीय सरकार के अन्य कर्मचारियों के समान अन्य सुविधाएँ दी जाती है जिनमें कोई भेदभाव नहीं किया गया है । विपक्षीगण ने यह तो स्वीकार किया कि आदेश सं. 422 के द्वारा क्षतिपूर्ति भत्ता दिया जाता था और 1-4-76 से ऐसा भत्ता बन्द कर दिया गया । किन्तु, यह पक्ष रखा कि इस सम्बन्ध में औद्योगिक विवाद अधिनियम की धारा 9-ए प्रभावशील नहीं होती है क्योंकि विपक्षीगण के कर्मचारी भारत सरकार के कर्मचारियों पर लागू फण्डामेंण्टल एण्ड सप्लीमण्टरी रुल्स

से शामित होते हैं। चश्मा और जूते दिये जाने की सुविधा का तथ्य भी स्वीकारा गया है किन्तु यह पक्ष रखा गया कि सुविधा अभी भी कुछ शर्तों के साथ चालू है और ऐसे मामले में धारा 9-ए. या अन्य किसी धारा के अन्तर्गत नोटिस दिए जाने की आवश्यकता नहीं थी। विपक्षीगण का यह पक्ष है कि जब योग्य कार्यकर्ताओं की हिल एवं बोर्डर एरिया में कमी महसूस की गई तो योग्य कर्मचारियों को कार्य पर रख जाने हेतु प्रोत्साहन स्वरूप ऐसे कर्मचारियों को जो अन्य क्षेत्रों स्थानान्तरित होकर पहाड़ी तथा सीमावर्ती क्षेत्रों में कार्य करने को इच्छुक थे, उन्हें तीन अग्रिम वेतन वृद्धि दिया जाना आदेश सं. 422 के द्वारा स्वीकार किया गया था किन्तु यह विचारित करते हुए कि ऐसा आदेश भारत सरकार के अन्य कर्मचारियों और खादी कमीशन के कर्मचारियों में मतभेद पैदा करेगा जिससे 6-9-65 के पश्चात् पदस्थापित कर्मचारियों को उक्त सुविधा स्वीकार नहीं की गई और 1-4-1976 से आदेश सं. 1112 दि. 27-4-76 के द्वारा यह सुविधा बन्द कर दी गई।

6. उपर्युक्त प्रसंगों के अन्तर्गत फलस्वरूप विचारणीय बिन्दु मात्र निम्न हैं :—

1. क्या विपक्षी औद्योगिक संस्थान नहीं है जिसमें यह प्रसंग चल सकने योग्य नहीं है ?

2. क्या विपक्षीगण का अपने कर्मचारियों को हिल एण्ड बोर्डर एरिया भत्ता दिनांक 1-4-76 से दिया जाना बन्द किए जाने का आदेश उचित है ?

3. क्या विपक्षीगण के सभी कर्मचारियों को जो 1965 या पश्चात् हिल एण्ड बोर्डर एरिया में पदस्थापित हुए, को ऐसा भत्ता प्राप्त करने का अधिकार है ?

4. क्या विपक्षीगण द्वारा अपने कर्मचारियों को जूते एवं चश्मे की सुविधा में कमी किया जाना उपयुक्त है ?

5. क्या प्रार्थी द्वारा विलम्ब से प्रस्तुत किया गया यह क्लेम दूषित है ?

6. प्रतिकार ?

7. उपयुक्त बिन्दुओं के अन्तर्गत प्रार्थी की ओर से श्री के. एल. जोशी डब्लू. डब्लू. 1 साक्षी-गृह में प्रस्तुत हुआ है जबकि विपक्षीगण की ओर से श्री वेदप्रकाश आर्य एम. डब्लू. 1 साक्षी-गृह में प्रस्तुत हुआ है। उपर्युक्त साक्ष्यावलोकन, पत्रावली का अवलोकन तथा प्रार्थी प्रतिनिधि एवं विपक्षी अभिभाषक के तर्क श्रवण के पश्चात् प्रत्येक बिन्दु पर मेरे विचारित निष्कर्ष निम्न है :—

बिन्दु सं. 1

8. विपक्षी का यह पक्ष है कि केन्द्रीय सरकार के अधिनियम के अन्तर्गत खादी ग्रामोद्योग कमीशन एक स्वायतशाक्षी संगठन है जिसका प्रमुख कार्य खादी व ग्रामोद्योग का प्रसार व विकास है और इस प्रकार यह कोई औद्योगिक संस्थान नहीं है। यह भी पक्ष रखा गया कि वास्तव में भारत सरकार द्वारा ही आयोग का गठन किया जाता है और इस आयोग के अधिकारी भी भारत सरकार द्वारा नियुक्त होते हैं, जिससे, यह भारत सरकार द्वारा संचालित एक स्वायतशासी संगठन है, जो औद्योगिक विवाद अधिनियम की परिधि के अन्तर्गत नहीं आता है। पुनः यह भी पक्ष रखा गया कि इस विवाद को उठाने हेतु कोई ट्रेड यूनियन नहीं है और प्रार्थी यूनियन अधिकृत भी नहीं है कि ऐसा विवाद उठाए।

